HGH INDIA® 2019
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
JULY 2-4, 2019 MUMBAI, INDIA

NEWS 4

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

## होम डेकोर

# वॉलपेपर्स, फ़्लोरिंग्स, ड्राई फ्लावर्स हैंडीक्राफ्ट्स, एक्सेसरीज़ एंड मोर

एचजीएच इंडिया २०१९ में, अगर वॉल, फ़्लोर्स, सीलिंग्स, टेबल्स, विंडोज़, और डोर्स से लेकर बालकनी, टेरेस एवं गार्डन्स के आउटडोर एनवायरनमेंट से जुड़े प्रोडक्ट्स एवं डिज़ाइन्स की बात की जाए, तो एक श्रेणी के तौर पर होम डेकोर में असीम संभावनाएं मौजूद हैं।

टेक्सटाइल, वुड तथा पीवीसी एवं पॉलीप्रोपेलीन जैसे सिंथेटिक मैटेरियल से लेकर कार्पेट टाइल्स की अलग-अलग वैरायटी; प्रीमियम एवं इकॉनमी वॉलपेपर्स की एक वाइड रेंज से लेकर वॉल फिनिशेज़ की मॉडर्न रेंज; रबर मैट, कॉयर मैट, आर्टिफिशियल ग्रास एवं ग्रीन वॉल्स; नेचुरल ड्राइड फ्लावर्स एंड प्लांट्स से लेकर फ्रेगरेंस एवं आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स तक की रेंज; डेकोरेटिव कैंडल्स, कैंडल स्टैंड से लेकर अरोमा ऑयल तक... वासेज़, क्लॉक्स, प्रिग्रिन्स, आर्टिफक्ट्स, पेन्टिंग्स, म्युरॉल्स, टेबल टॉप जैसे एक्ससेरीज़ की पूरी रेंज; सिरेमिक, टेराकोटा, वुड, ग्लास, मेटल, केन एवं बैम्बू में हाथों से बनाए गए बेहद ख़ास प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज; स्टील, ग्लास, प्लास्टिक और ऐक्रेलिक में बेहतरीन फिनिशिंग वाले मॉडर्न डेकोरेटिव एक्सेसरीज़... शैन्डलीर्स, डेकोरेटिव लाइट्स, लैंप शेड्स, गार्डन लाइट्स से लेकर गार्डन फर्नीचर और आउटडोर डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ की पूरी रेंज... प्रदर्शकों की ओर से हॉल २ में होम डेकोर कैटेगरी में उपलब्ध कराए जाने वाले प्रोडक्ट्स का कोई अंत नहीं है!


मार्शल्स

पिछले एडिशन की तुलना में इस साल होम डेकोर की कैटिगरी में २५% की वृद्धि हुई है, जहां रिटेलर्स एवं कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स विभिन्न प्रकार के नए-नए प्रोडक्ट्स और नए सोर्सेस की तलाश करने में सक्षम होंगे। उपभोक्ताओं की ओर से बेहतर डिजाइन एवं फंक्शनैलिटी वाले प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसे देखते हुए प्रोडक्ट बनाने वालों ने सभी प्रोडक्ट्स में उनकी मांग को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। इस बार हॉल २ में आप देखेंगे कि, बेहतर पैकेजिंग एवं प्रेजेंटेशन पर भी काफी बल दिया गया है।

भारतीय ग्राहक बड़ी तेजी से ट्रेडिशनल पेंट्स की तुलना में वॉलपेपर जैसे मॉडर्न एवं इको-फ्रेंडली मैटेरियल्स को अधिक पसंद करने लगे हैं, इसलिए विजिटर्स को इस बार हॉल २ के वॉलपेपर वाले सेक्शन में कई नए अवसर मिलेंगे।

इस बार कश्मीर, जयपुर, जोधपुर, मुरादाबाद, फिरोज़ाबाद, लखनऊ, भुज, आगरा, राजकोट, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई जैसे शहरों के इंडियन प्रदर्शक हाथों एवं मशीन से बने डेकोरेटिव आइटम्स की एग्ज़ाटिक रेंज पेश करेंगे।

बेल्जियम, यूके, जर्मनी, इटली, फ्रांस, नीदरलैंड्स, स्पेन, यूएसए, कोरिया, सिंगापुर, चीन, ताइवान, वियतनाम और यूएई के इंटरनेशनल उत्पादक एवं ब्रांड्स या तो स्वयं या फिर अपने इंडियन पार्टनर्स के ज़रिए वॉलपेपर्स, फ़्लोर कवरिंग्स और डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ की अपनी रेंज को प्रदर्शित करेंगे।

**वॉलपेपर्स:** भारत में होम डेकोर की कैटिगरी में वॉलपेपर्स का सबसे तेजी से विकास हो रहा है, जिसकी मांग प्रतिवर्ष लगभग १००% की दर से बढ़ रही है। इकॉनामी, मिड एवं हायर-एंड के साथ-साथ हर श्रेणी के कंज्यूमर्स बड़ी तेजी से ट्रेडिशनल पेंट्स, पॉलिश और इसी तरह के अन्य वॉल फिनिश को छोड़कर वॉलपेपर को अपनाने लगे हैं। आजकल कंज्यूमर्स हेल्थ एवं एनवायरनमेंट के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं तथा अपने घरों की सजावट के लिए समय की बचत के साथ-साथ अधिक सुविधाजनक तरीकों का चयन कर रहे हैं, इसलिए आने वाले वर्षों में निश्चित तौर पर वॉलपेपर्स को दूसरे अन्य मैटेरियल्स पर बढ़त हासिल होगी। इसलिए, इंडियन मार्केट में वॉलपेपर्स की बढ़ती मांग, लंबे समय तक बरकरार रहने वाला ट्रेंड है।

मार्शल्स, एक्सेल वॉल इंटिरियर्स, एच एण्ड एच वॉल कवरिंग्स, एडोर्निस, एलजी, एटको, आर्टिज़न फर्निशिंग्स, इनडिजाइन, श्रॉफ ट्रेडिंग, यूडीसी इम्पेक्स, इत्यादि एचजीएच


एन जी सी नफ़ीस

इनोवेशन्स ▪ ट्रेंड्स ▪ प्रोडक्ट्स ▪ स्रोत ▪ अवसर

# होम टेक्सटाइल्स, होम डेकर, हाउसवेयर तथा गिफ्ट्स का एक पर्यावलोकन

इंडिया २०१९ में प्रदर्शित होने वाले प्रमुख ब्रांड्स में से एक हैं। भारत में वॉलपेपर्स के क्षेत्र में मार्केट लीडर होने के नाते इनमें से अधिकांश कंपनियों की ओर से यहां कई नए कलेक्शंस को बाजार में उतारे जाने की उम्मीद है।

हॉल २ में कई प्रमुख वॉलपेपर कंपनियां भी अपने प्रोडक्ट्स का स्वयं प्रदर्शन करेंगी। ओमेक्सको, रेश, कैसेलियो, वॉलक्वेस्ट, डेकोर लाइन, द पेपर पार्टनरशिप और बीएन वॉल्स जैसे कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की नई प्रीमियम रेंज को दुबई स्थित एन.जी.सी नफीस द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। फ़्लोर्स एंड फर्निशिंग (एफ एंड एफ) की ओर से कैसमैंस और हर्लेक्विन की रेंज का प्रदर्शन किया जाएगा। एल्केमी डेकोर स्वयं ही प्रीमियम वॉलपेपर की रेंज को प्रस्तुत करेगा।

**फ़्लोर कवरिंग्स:** आजकल वुडन फ़्लोरिंग, विनाइल फ़्लोरिंग, सिंथेटिक कार्पेट्स एवं कार्पेट टाइल्स सहित कन्वेंशनल रग्स एवं कार्पेट्स के बजाय फंक्शनल एवं डेकोरेटिव फ़्लोर कवरिंग्स के मॉडर्न रेंज का उपयोग बढ़ता जा रहा है। रग्स, कार्पेट्स एवं टाइल्स की तुलना में रखरखाव में बेहद कम खर्च, डिजाइन के ज़्यादा विकल्प और अधिक किफायती होने की वजह से भारतीय उपभोक्ताओं के बीच फ़्लोर कवरिंग्स लोकप्रिय होते जा रहे हैं।

इन श्रेणी में इंडियन निर्माताओं की संख्या काफी कम है, इसलिए मांग के एक बड़े हिस्से की पूर्ति इंपोर्ट्स के ज़रिए होती है। रोसेटा, एचवीटी इंटिरियर्स, भिक्षु इम्पेक्स, पॉलीलीफ, ट्रैकेट, चिराग इंटरनेशनल जैसी कंपनियों द्वारा सिंथेटिक फ्लोर कवरिंग का प्रदर्शन किया जाएगा। मार्कोपोलो, क्रोनोटेक्स, रोसेटा, होगर फ्लोरिंग, चिरान इंटरनेशनल जैसे स्थापित ब्रांड्स द्वारा वुडन फ़्लोरिंग्स को प्रस्तुत किया जाएगा।

**डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ एंड टेबल टॉप्स:** भारत में दिन-प्रतिदिन डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ की बढ़ती ही जा रही है, क्योंकि यह रिफर्निशिंग के बिना ही कमरे के रंग-रूप को तेजी से बदलने के सबसे किफायती तरीकों में से एक है। वे न केवल घर को सजाने में सहायक होते हैं, बल्कि कमरे के कुछ हिस्सों को मनोनुकूल तरीके से अधिक स्पष्ट बनाते हैं।



मलिक डिज़ाईन्स

म्यूरॉल्स, वासेज, फ्रिगिन्स, आर्टिफक्ट्स, टेबल टॉप्स, क्लॉक्स, मिरर्स, कैंडल स्टैंड, फोटो फ्रेम्स, मैगजीन रैक्स, बॉक्सेस एवं स्मॉल फर्नीचर्स जैसे हाथों एवं मशीनों से बने डेकोरेटिव एक्सेसरीज़ को सनराइज, आशनाम, गिफ्ट वर्ल्ड, ह्योशा, मलिक डिज़ाइन्स, द आर्टिसन हब, पीयूष पारेख, नोबल आर्ट एंड क्राफ्ट हाउस, नोबल फर्नीचर, गणेशी लाल ज्वाला, श्री सिक्स्टी और कॉकटेल जैसे प्रदर्शक द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा।

हर साल की तरह, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) ने एक बार फिर से अपने हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टिंग मेंबर्स की सामूहिक भागीदारी का आयोजन किया है। वे इंडियन रिटेलर्स एवं कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स को मेटल, वुड, ग्लास, रबर, टेक्सटाइल एवं अन्य मैटेरियल्स में बेहतरीन एवं एक्सपोर्ट क्वालिटी वाले हैंडीक्राफ्ट्स की विविध श्रेणी उपलब्ध कराएंगे, जिन्हें मुरादाबाद, सहारनपुर, दिल्ली, जयपुर, जोधपुर, इंदौर, नोएडा और अंबाला से लाया गया है।

कर्टन रॉड्स, डोर नॉब्स, हैंडल जैसे डेकोरेटिव हार्डवेयर भी तेजी से लोकप्रिय होते जा रहे हैं। इस रेंज के प्रोडक्ट्स को डेको विंडो, डॉल्फिन, एस.क्यू.यू द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

**फ्रेगरेंस एंड ड्राई फ्लॉवर्स:** भारतीय बाजार में यह अपेक्षाकृत एक नई कैटेगरी है, जिसे लगभग पांच से छह साल पहले ही प्रस्तुत किया गया था। परंतु भारत में इसकी मांग बड़ी तेजी से बढ़ रही है, और यह बात प्रति वर्ष २५-३०% की वार्षिक बाजार वृद्धि की दर से स्पष्ट हो जाती है।

कुदरती फूलों एवं जड़ी-बूटियों को नेचुरल कंडीशंस में सुखाया जाता है और फिर इन्हें पेंट एवं बेहतरीन क्राफ्ट स्किल्स की मदद से सजाया जाता है। पॉट पोउरी, नेचुरल ड्राई फ्लॉवर्स, प्लांट्स, आर्टफैक्ट्स, नेचुरल मूड क्रिएटिंग फ्लोरल फ्रेग्रेंस, स्पा प्रोडक्ट्स, फ्रेग्रेंस डेकोरेटिव कैंडल्स तथा इस तरह के ज्यादातर प्रोडक्ट्स के लिए विभिन्न प्रकार के गिफ्ट पैक्स, इस रेंज को बेहद डिजायरेबल बना देते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स बेहतरीन सजावट के अलावा आसपास के माहौल में वेल-बीइंग की भावना भी पैदा करते हैं, और इसी वजह से इनकी लोकप्रियता बढ़ रही है।

एचजीएच इंडिया २०१९ में हॉल २ में अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करने वाले प्रमुख ब्रांड्स में नेचर्स मेनिया, रोज़मूर, ब्लू ट्री अरोमा, सॉन्स ऑफ इंडिया, आइरिस और पैन अरोमा शामिल हैं।

**आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स,आर्टिफिशियल ग्रास एंड ग्रीन वॉल्स:** इंडियन मार्केट में इन सभी कैटिगरीज का बड़ी तेजी से विकास



भिकशू इम्पेक्स

हो रहा है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ज़्यादातर उत्पादक, ब्रांड्स एवं इंपोर्टर्स क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। कई ब्रांड्स एवं इंपोर्टर्स हॉल २ के साथ-साथ हॉल १ में फैब्रिक्स, प्लास्टिक्स, पेपर, रबर तथा



मार्कोपोलो



फ्लोर सोल्यूशन



रोसेटा



रोज़मूरे



नेचर्स मेनिया



क्रिस्टल्स कॉर्पोरेशन

## एचजीएच इंडिया २०१९: ७०० ब्रांड और निर्माताओं के स्रोत से उपलब्ध

लगभग नेचुरल लुक देने वाले अन्य मॉडर्न मैटेरियल्स से बने आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, ग्रास, प्लांट्स, क्रीपर्स इत्यादि की पूरी रेंज का प्रदर्शन करेंगे। फोर वॉल्स, इंटीरियर्स एंड मोर, क्रिस्टल कॉरपोरेशन, फाइन सर्फेसेज़, हेरिटेज, पोलीनेशन, सुपरग्रास, डेको टर्फ और टर्फ ८ इस कैटेगरी में अपनी प्रोडक्ट्स की रेंज को प्रस्तुत करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं।

**बैग्स:** पिछले कुछ सालों में विभिन्न कारणों से इंडियन मार्केट में बैग्स की लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। बैग्स को आइडियल फैशन एक्सेसरीज़ या गिफ्ट के तौर पर जाना जाता है, जो आजकल अलग-अलग तरह के मैटेरियल्स एवं स्टाइल में उपलब्ध होते हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक देश में प्लास्टिक पर बैन को देखते हुए आजकल कॉटन, जूट, पॉलिएस्टर, लेदर, रेक्सिन और इसी तरह के अन्य मैटेरियल्स से बैग बनाए जाते हैं। इस कैटेगरी में आकृति एम्ब्रायडरी, लुडलो जूट, हितैषी जैसे लीडिंग प्लेयर्स अपने प्रोडक्ट्स की रेंज का प्रदर्शन करेंगे।



लूडलो ज्यूट



आचीज़

# पर्सनल एंड कॉर्पोरेट गिफ्ट्स
# ह्यूज इंडियन मार्केट, स्टिल ग्रोइंग


रतन जयपुर


इमेज क्रेशन


पीयूष पारेख


आर्या २४ के टी

भारत बेहतर मेहमाननवाज़ी और सामाजिक व्यवहार वाले देशों में से एक है, जहां गिफ्ट देना उसके कल्चर, हेरिटेज एवं सोशल कस्टम का एक हिस्सा है। बात चाहे कारोबार की हो या फिर किसी पारिवारिक समारोह की, भारत और भारत के लोग गिफ्ट देने एवं लेने को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित रहते हैं। भारत के अग्रणी मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स, टेक्नोपैक के अनुसार वर्तमान में कॉर्पोरेट और पर्सनल गिफ्टिंग के इंडियन मार्केट का कुल आकार लगभग २५०,००० करोड़ रुपये का है। इसमें से भारत में कॉरपोरेट गिफ्टिंग मार्केट १२,००० करोड़ रुपये का है, और यह बड़ी तेजी से बढ़ रहा है।

इसके बावजूद भारत में गिफ्ट मार्केट आज भी बड़े पैमाने पर अन-ऑर्गेनाइज्ड है, जहां कुछ गिने-चुने ब्रांड्स एवं रिटेल चेन लोगों की मांगों को पूरा कर रहे हैं। हालांकि, दूसरी सभी चीजों की तरह भारत में गिफ्टिंग मार्केट का प्रोफाइल भी बदल रहा है। पर्सनल गिफ्टिंग का कल्चर लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि गिफ्ट देने की अवसरों की संख्या भी बढ़ी है जिसमें एनिवर्सरीज़, वेडिंग्स, बर्थडेज़, वैलेंटाइन्स डे, और राखी से लेकर मदर्स डे, फादर्स डे एवं इसी प्रकार के अन्य अवसर शामिल हैं। इसके अलावा, उपभोक्ता अब अच्छे स्टोर से गिफ्ट खरीदना चाहते हैं जो यूनिक, स्टाइलिश, पर्सनलाइज़्ड और प्राथमिकताओं के अनुरूप होने के साथ-साथ उनके स्टेटस के अनुरूप हो।

एचजीएच इंडिया की रिसर्च टीम ने यह पता लगाया कि, भारतीय कॉर्पोरेट जगत में भी गिफ्ट्स धीरे-धीरे उपहार प्रमोशनल से इमोशनल की ओर उन्मुख हुए हैं। फार्मास्युटिकल, टेलीकॉम, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, इंश्योरेंस, हॉस्पिटैलिटी और मीडिया जैसे सेक्टरों की कंपनियां बड़ी तेजी से ऐसे गिफ्ट्स का चयन कर रही हैं, जो पाने वाले के साथ अधिक व्यक्तिगत और भावनात्मक तौर पर जुड़ा हुआ हो, जिसमें उनके कर्मचारी, ग्राहक या बिजनेस एसोसिएट्स भी शामिल हैं। आजकल लोग गिफ्ट पाने वाले व्यक्ति के प्रोफाइल को ध्यान में रखते हुए पर्सनल टच के साथ इनोवेटिव आईडियाज़ की तलाश करते हैं।

कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स, कॉर्पोरेट गिफ्ट सप्लायर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, होलसेलर्स और गिफ्ट रिटेलर्स लगातार इनोवेशंस एवं नए-नए गिफ्टिंग आईडियाज़ की हमेशा तलाश में रहते हैं, जो कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया है। जब कॉर्पोरेट या पर्सनल गिफ्ट्स के संदर्भ में इमोशनल गिफ्टिंग की बात आती है, तो निश्चित तौर पर होम प्रोडक्ट्स सबसे बेहतरीन गिफ्ट्स के तौर पर उभर कर सामने आते हैं।

होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर, होम एक्सेंट और फैशन एक्सेसरीज़ से संबंधित बेहतरीन क्वालिटी वाले ब्रांडेड गिफ्ट प्रोडक्ट्स बेहद ख़ास हैं, जो एचजीएच इंडिया के प्रोडक्ट लाइन के महत्वपूर्ण पहलू हैं। पहले भी कई बार यह कहा जा चुका है कि, एचजीएच इंडिया मुख्य रूप से प्रमोशनल के बजाय इमोशनल गिफ्ट्स मार्केट पर ध्यान केंद्रित करता है। बड़े-बड़े कॉर्पोरेट गिफ्ट बायर्स को विविधतापूर्ण सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने के अलावा, यह ट्रेड शो ऐसे गिफ्ट ट्रेडर्स, होलसेलर्स और रिटेलर्स के लिए बैकेंड सप्लाईज़ की सुविधा प्रदान करता है जो गिफ्ट पाने वाले के साथ भावनात्मक जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए गिफ्ट पैक्स एवं गिफ्टेबल प्रोडक्ट्स की तलाश करते हैं।

एचजीएच इंडिया २०१९ के दौरान हॉल १ में बेड शीट्स, टॉवल्स, टेबल एंड किचन लिनन, बेड-इन-ए-बैग, किड्स एंड बेबीज ब्लैंकेट, एवं रग्स जैसे विभिन्न प्रकार के ब्रांडेड होम टेक्सटाइल्स उपलब्ध होंगे। हॉल ३ में लीडिंग ब्रांड्स एवं इंपोर्टर्स के साथ-साथ दुनिया भर के इंटरनेशनल ब्रांड्स की ओर से फ्लास्क, बॉटल्स, सिरेमिक एंड क्रॉकरी, ग्लासवेयर, फाइन कटलरी, फूड कैरियर, किचनवेयर, किचन अप्लायंसेज एवं हाउसहोल्ड आर्टिकल्स जैसे विभिन्न प्रकार के हाउसवेयर प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज को उपलब्ध कराया जाएगा। हॉल २ में होम डेकोर सेक्शन भी वैसेज़, क्लॉक्स, टेबल टॉप्स, हैंडीक्राफ्ट्स, डेकोरेटिव ग्लासवेयर, बैग्स जैसे डेकोरेटिव एक स्त्री के अलावा गिफ्ट बॉक्स, रैपर, रिबन, आदि गिफ्ट पैकेजिंग सॉल्यूशंस के माध्यम से विभिन्न प्रकार के गिफ्टिंग सॉल्यूशन की पूरी रेंज प्रस्तुत करेगा।

आर्चीज़, आर्या २४, सनराइज, गिफ्ट वर्ल्ड, ट्यूलिप, कॉकटेल, एक दो ढाई, इमेज क्रिएशन, ए.डी.एस, जॉन्स अम्ब्रेला, लुडलो जूट, हितैषी, रतन पेपर इत्यादि कुछ लीडिंग इंडियन मैन्युफैक्चरर्स एवं इंपोर्टर्स हैं, जो गिफ्टिंग सॉल्यूशन पर अधिक ध्यान देते हैं। इसके अलावा, होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर और हाउसवेयर हॉल्स में सभी विभिन्न प्रकार के कस्टमाइज़्ड या रेडीमेड गिफ्ट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएंगे।

हॉल २ और हॉल ३ में १४ चीनी प्रदर्शक गिफ्टिंग प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज के साथ मौजूद होंगे। यीवू हैली प्लास्टिक प्रोडक्ट्स की ओर से फोटो फ्रेम्स का प्रदर्शन किया जाएगा। अन्य एक्जीबिटर्स विभिन्न प्रकार के हाउसवेयर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज़, फैशन एक्सेसरीज़, ज्वैलरी एवं ज्वैलरी बॉक्सेज़, हैंड बैग्स, लेदर एक्सेसरीज़, गिफ्ट पैकेजिंग सॉल्यूशंस की पेशकश करेंगे।

# एक्सपीरियंस विद एचजीएच इंडिया



**शालिनी टंडन,**
जनरल मेनेजर, शॉपर्स स्टॉप

जब मैं अपने मौजूदा सप्लायर्स की उपस्थिति के अलावा बहुत सी नई चीजें, नए-नए इनोवेशंस तथा विभिन्न देशों के बहुत से नए लोगों की मौजूदगी को देखती हूँ, तो मुझे लगता है कि यह हर साल पहले की तुलना में और बेहतर हो जाता है। सच में इससे मेरा काफी समय बच जाता है, क्योंकि एक ही प्लैटफ़ॉर्म पर मैं अपने ज़्यादातर मौजूदा सप्लायर्स से मिल सकती हूँ तथा नए सप्लायर्स की तलाश कर सकती हूँ। इसलिए, यह साल भर में एक बार होने वाली ऐसी गतिविधि है जहां मैं २ से ३ दिनों का समय बिताती हूँ, तथा यहां मुझे अपने परिचित लोगों के नए-नए प्रोडक्ट डेवलपमेंट के अलावा नई-नई चीजें देखने को मिलती हैं। मेरे विचार से इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि, यह इस तरह का प्लैटफ़ॉर्म उपलब्ध कराने वाला इकलौता शो है, तथा जिस तरीके से इसका आयोजन होता है वह वाकई उल्लेखनीय है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए किसी भी इंटरनेशनल शो में विज़िट करने के बराबर है। मुझे घर की सभी कैटेगरी में यहां पूरी विविधता दिखाई देती है, और मुझे नहीं लगता कि होम बाइंग एक्टिविटीज में कोई भी चीज छूट गई है।



**राजेश मिश्रा,**
जनरल मैनेजर, इंडिया एंड वेस्ट एशिया, कोरेले ब्रांड

एचजीएच इंडिया एक ऐसा प्लैटफ़ॉर्म है, जो हमें विभिन्न चैनलों के प्रत्येक ग्राहक से मिलने का अवसर देता है तथा हमें अपने प्रोडक्ट्स को उनके सामने प्रदर्शित करने का अवसर देता है। इस प्रकार यह एक ऐसा प्लैटफ़ॉर्म है, जो हमें सभी व्यक्तियों को अपने ब्रांड्स को दिखाने में मददगार है। एचजीएच इंडिया बेहद निराला एवं शानदार होने के अलावा, हमें लोगों से मिलने और उन्हें अपने ब्रांड्स के बारे में बताने का असीमित अवसर उपलब्ध कराता है।



**एडेलहीड डेल्टॉर ,**
बर्गहॉफ़-चीफ़ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर

छह कॉन्टिनेंट्स में बर्गहॉफ़ का डिस्ट्रीब्यूशन बेहतरीन है, परंतु भारत में हमने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। लेकिन हम देखते हैं और हमें सचमुच ऐसा लगता है कि भारतीय बाजार में बदलाव आ रहा है, तथा मेरे विचार से फिलहाल यह एशिया में दूसरा सबसे तेजी से विकसित होने वाला बाजार है। इसलिए, इस शो में शामिल होना भारत में एक ब्रांड के तौर पर बर्गहॉफ़ का पहला कदम है और यहां से हमें काफी उम्मीद है। हमें आशा है कि इस शो में हमें एक ऐसा पार्टनर मिलेगा, जो इस बाजार में प्रवेश करने में हमारी मदद कर सके। वह पार्टनर या तो एक इंपोर्टर अथवा इंपोर्टर-कम-डिस्ट्रीब्यूटर हो सकता है, जो हमें पूरे भारत में डिस्ट्रीब्यूशन को कवर करने में मदद करेगा। यहां हमारी मौजूदगी पर लोगों का काफी रिस्पांस मिला, इसलिए यह अनुभव काफी बेहतरीन रहा। हमें बहुत से लोगों, इंपोर्टर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं रिटेलर्स से संपर्क करने का अवसर मिला, जिन्होंने हमें भारतीय बाजार के बारे में बताया। इसलिए यहां उपस्थित होना हमारे लिए बेहद दिलचस्प रहा है।



**अंकित गुप्ता ,** डायरेक्टर, मार्कोपोलो

हम अपने ब्रांड मार्कोपोलो के साथ उपस्थित हुए हैं, और यहां हम अपने वर्टिकल गार्डन रेंज को प्रदर्शित कर रहे हैं। हमने अपनी विनाइल फ्लोरिंग और वुडन फ्लोरिंग को भी इंट्रोड्यूस किया है। पिछले साल मैंने ३५ वर्ग मीटर के बूथ के साथ शुरुआत की थी। इस बार मैंने इसे बढ़ाकर दोगुना कर दिया। इस प्लैटफ़ॉर्म के ज़रिए हम कई डिस्ट्रीब्यूटर्स से मिले और यहां का अनुभव बेहद शानदार रहा।



**विनोद खंडेलवाल,**
जनरल मैनेजर,
बाइंग एंड मर्केंडाइजिंग, होम

हर बार हम नए-नए सप्लायर्स एवं वेंडर्स से मुलाकात करते हैं, जो हमारी प्रगति के साथ-साथ एचजीएच इंडिया के विकास की कहानी में हमें सहयोग दे रहे हैं। इनमें से कुछ सप्लायर्स भारतीय हैं जबकि कुछ ओवरसीज़ सप्लायर्स भी हैं। इसलिए हमें दोनों ओर से सप्लायर्स मिल रहे हैं और इससे हमें काफी मदद मिल रही है।



**श्रीवर खेरुका ,**
मैनेजिंग डायरेक्टर,
बोरोसिल ग्लास वर्क्स लि.

हम शुरुआत से ही एचजीएच इंडिया में भाग लेते रहे हैं, और मेरे विचार से हमारा बूथ भी हर साल और बड़ा होता जा रहा है। यह इस ट्रेड शो के बढ़ते कद के साथ-साथ यहां आने वाले विजिटर्स की संख्या में बढ़ोतरी को भी दर्शाता है। हमें लगता है कि, हमारे लिए अपने सभी नए प्रोडक्ट्स एवं नए ऑफरिंग्स को दिखाने के लिए यह सबसे बेहतर प्लैटफ़ॉर्म है। हमारे सभी कस्टमर्स भी यहां मौजूद हैं- जिसमें स्पेशलिटी रिटेलर्स या लार्ज फॉर्मेट स्टोर्स भी शामिल हैं। हर कोई यहां उपस्थित है, इसलिए हमारे विचार से यह हमारी इंडस्ट्री के लिए एक बेहतर प्लैटफ़ॉर्म है।



**उमेश गुप्ता,** वाइस चेयरमैन, बर्गनर

हम दुनिया भर में होने वाले ट्रेड शो में शामिल होते हैं। लेकिन मुझे मालूम नहीं था कि ऐसा कोई प्लैटफ़ॉर्म भारत में भी मौजूद है! बर्गनर दुनिया भर में किचनवेयर सॉल्यूशन प्रोवाइडर है। हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में विकास खन्ना के साथ भारत आए हैं। हमने हाई-टेक प्रिज्म को लॉन्च किया है, जो नॉनस्टिक कोटिंग वाला ट्राई-प्लाई कुकवेयर है। हम कुकवेयर या नॉनस्टिक कोटिंग पर १० साल की गारंटी देने वाली पहली कंपनी हैं, जो भारतीय महिलाओं के लिए एक सपना रहा है।



**अजय तलवार,** वाइस प्रेसिडेंट-जनरल मर्चेंडाइज एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, स्पर इंडिया

हम चाइना भी जाते हैं, लेकिन इस शो के माध्यम से अब भारत भी हाउसवेयर के लिए एक डेस्टिनेशन बन चुका है। इसलिए, हम यहां आते हैं, नए-नए आर्टिकल्स एवं नए सप्लायर्स की पहचान करते हैं, ताकि वे हमारे बिज़नस का हिस्सा बन सकें। मैं कहूंगा कि, यहां हर साल हमें कुछ अनोखी एवं कुछ बिल्कुल अलग चीजें देखने को मिलती हैं तथा हम नए सप्लायर्स से भी मिलते हैं। ये लोग सचमुच बेहद प्यारे हैं और हमें अच्छे दाम मिलते हैं, ताकि अपने प्रोडक्ट्स को हम अपने ग्राहकों तक बेस्ट प्राइस पर पहुंचा सकें।



**दीपक अग्रवाल,**
डायरेक्टर, क्ले क्राफ्ट इंडिया

एचजीएच इंडिया इकलौता ऐसा एग्जिबिशन है, जिसमें हम अपने डोमेस्टिक रिटेल और नए-नए प्रोडक्ट्स के लॉन्च के लिए भाग लेते हैं। हम एचजीएच इंडिया में लॉन्च करने के लिए प्रोडक्ट डेवलपमेंट के अलावा उन्हें डिजाइन भी करते हैं। एचजीएच इंडिया के माध्यम से हम कन्वेंशनल रिटेलर्स के साथ-साथ मॉडर्न रिटेल को भी लक्षित करते हैं और अपने नए प्रोडक्ट्स को एक ही समय पर लॉन्च करते हैं। हम शेफ संजीव कपूर के ब्रांड के लिए सोल ऑथराइज्ड लाइसेंसी हैं। हमने हाल ही में ब्रांड इंडिया सर्कल्स के साथ कोलैबोरेशन किया है, जो मुंबई में कृष्णा मेहता का एक डिजाइनर ब्रांड है और यह यूएसए में स्थित ब्रांड हैप्पीनेस का लाइसेंसी भी है। इस प्रकार, हमारे लिए ये तीन बातें बेहद महत्वपूर्ण हैं और हम इन सभी ब्रांड्स के एक्सक्लूसिव लाइसेंसी हैं।



**आलोक बनर्जी ,**
सीओओ, द बॉम्बे डाइंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कं. लि.

हमारे लिए यह शो अपने ग्राहकों के साथ-साथ ऐसे लोगों से मिलने का एक बेहतरीन फोरम है, जो ट्रेड में आपके साथ जुड़े हुए हैं। इसलिए, यह अपने प्रोडक्ट्स को पेश करने, उनके बारे में बात करने और उन्हें आगे ले जाने के लिए सबसे बेहतर प्लैटफ़ॉर्म है। वाकई इस शो से हमें बेहद खुशी हुई है। इसमें भाग लेने से हमें अपने प्रोडक्ट्स को दिखाने तथा इनके बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने में मदद मिलती है। शायद ही हम यहां कोई बुकिंग कर पाते हैं, क्योंकि ऑटम / विंटर तक के लिए हमारे सभी प्रोडक्ट्स पहले ही बिक जाते हैं। लेकिन एचजीएच इंडिया के ज़रिए डीलर्स को हमारी कंपनियों की गतिविधियों को समझने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए, हमने अभी-अभी ठमेक योर ओन बेडशीटठ नामक एक इनोवेटिव कांसेप्ट को इंट्रोड्यूस किया है, जिसमें आप अपना डिज़ाइन हमें भेज सकते हैं और केवल ₹१९९९/- में हम आपके डिज़ाइन के अनुसार एक बेडशीट तैयार करके ३० दिनों के भीतर आप तक पहुंचाते हैं। हमने इस कॉन्सेप्ट को एचजीएच इंडिया में इंट्रोड्यूस किया।



**डारिया शिलोवा,**
एक्सपोर्ट मैनेजर,एब्रेसिव टेक्नोलॉजीज़, रशिया

मैं एक रशियन कंपनी, एब्रेसिव टेक्नोलॉजीज़ को रिप्रेजेंट करती हूँ। हम सेंट पीटर्सबर्ग से यहां आए हैं, तथा हम नॉन-वुवन मैटेरियल्स, मुख्यत: विस्कोस एवं एब्रेसिव मैटेरियल्स बनाते हैं। हमें यहां कई बड़े लोगों से मिलने का मौका मिला है। उम्मीद करते हैं कि हम इंडियन बिजनेसमैन के साथ यहां बिजनेस करेंगे और हम आशा करते हैं कि हम इंडियन मार्केट में अपने प्रोडक्ट्स, लेमन मून प्रोडक्ट्स को स्थान दिला पाएंगे, क्योंकि हमारा मानना है कि भारतीय बाजार इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा विकसित हो रहा है। हम आशा करते हैं कि भारतीय परिवारों और हाउसवाइव्स द्वारा यूटेंसिल्स की क्लीनिंग एवं क्रॉकरी की क्लीनिंग के लिए हमारे प्रोडक्ट्स का उपयोग किया जाएगा, क्योंकि हमारे प्रोडक्ट्स का कोर एरिया बेहद शानदार है और यह इंडियन हाउसवाइव्स की जरूरतों को पूरा करने वाला है।



**प्रियंका आर्य,**
**ऑनर, आर्टिज़न**

आर्टिज़न एक वॉलपेपर कंपनी है, जो लक्जरी एवं किफायती वॉलकवरिंग्स का इम्पोर्ट करती है। एचजीएच इंडिया में हम पहली बार प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जर्नी बेहद ख़ूबसूरत रही है तथा यहां का अनुभव बेहद शानदार रहा है। मेरे विचार से, हमने जिस वक़्त एचजीएच इंडिया में प्रवेश किया है उसी वक़्त मैंने पाया कि यह वाकई वेल-ऑर्गेनाइज़्ड है, जिसमें छोटी-छोटी बारीकियों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कुल मिलाकर रिस्पांस बेहद ज़बर्दस्त रहा है।